कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला छतरपुर (म0प्र0)

क्रमांक 558 / खनिज / 2014 छतरपुर दिनांक 23 /04/ 2014

प्रति,

वनसंरक्षक
सामान्य वनमण्डल छतरपुर (म0प्र0)

विषय :- जिला टीकमगढ़, वन परिक्षेत्र जतारा, आरक्षित वनखण्ड मॉचीगढ़, कक्ष क्रमांक पी–262 / अंश रकवा 19.000हे. वन भूमि पर डायस्पोर / पायरोफिलाइट खनिज के खनि पट्टा आवेदन में क्षतिपूर्ति वैकल्पिक वृक्षारोपण हेतु चयनित गैर वन क्षेत्र की उपयुक्तता के संबंध में।

संदर्भ :- आपका पत्र क्रमांक / मा0चि0 / 2014 / 918 दिनांक 22.03.2014 ।

—

कृपया विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र का अवलोकन करने का कष्ट करें। आवेदक खजुराहो मिनरल्स प्रा0लि0, छतरपुर द्वारा टीकमगढ़ जिला, वनमण्डल टीकमगढ़, वन परिक्षेत्र जतारा, आरक्षित वनखण्ड मॉचीगढ़ के कक्ष क्रमांक पी–262 के अंश भाग रकवा 19.000हे0 वन भूमि को डायस्पोर / पायरोफिलाइट खनिज के लिये खनि रियायत हेतु आवेदित किया गया है।

आवेदक खजुराहो मिनरल्स प्रा0लि0 द्वारा आवेदित वन भूमि के बदले वन संरक्षण अधिनियम 1980 के प्रावधान अनुसार ग्राम करोरा तहसील बकस्वाहा स्थित राजस्व भूमि खसरा नम्बर 13 / 1 के कुल रकवा 484.346हे0 में से 19.000हे. गैर वन भूमि मध्यप्रदेश शासन वन विभाग को प्रस्तावित किया गया है।

वन भूमि के बदले प्रस्तावित राजस्व भूमि को वनप्रबंधन एवं वृक्षारोपण हेतु उपलब्ध कराये जाने के संबंध में तहसीलदार बकस्वाहा का प्रतिवेदन एवं आपका अभिमत प्राप्त किया गया है।

तहसीलदार बकस्वाहा ने अपने प्रतिवेदन दिनांक 24.10.2013 में प्रस्तावित राजस्व भूमि रकवा 19.000हे0 को वन प्रबधन एव वृक्षारोपण हेतु उपलब्ध कराने में कोई आपत्ति नहीं बतलाई है, तथा आपने प्रस्तावित भूमि को क्षतिपूर्ति वैकल्पिक वृक्षारोपण के हस्तातंरण हेतु उपलब्ध है।

अतः ग्राम करोरा तहसील बकस्वाहा स्थित शासकीय राजस्व भूमि खसरा नम्बर 13 / 1 के कुल रकवा 484.346हे0 में से भाग रकवा 19.000हे0 को आपके द्वारा मांग करने पर वन प्रबंधन एवं वृक्षारोपण हेतु उपलब्ध कराया जा सकेगा।

संलग्न :- 1. नक्शा प्रति।
2. खसरा पंचशाला।

कलेक्टर
जिला छतरपुर (म0प्र0)

पृ0 क्रमांक 559 / खनिज / 2014 छतरपुर दिनांक 23 /04/ 2014

प्रतिलिपि :-

1. अनुविभागीय अधिकारी बिजावर / तहसीलदार बकस्वाहा को उनके पत्र क्रमांक 440 दिनांक 24.10.2013 के संदर्भ में प्रेषित कर अनुरोध है, कि वन प्रबधन एव वृक्षारोपण हेतु प्रस्तावित राजस्व भूमि ग्राम करोरा तहसील बकस्वाहा खसरा नं0 13 / 1 के भाग रकवा 19.000हे0 जो संलग्न नक्शे पर लाल स्याही से चिन्हित है को सुरक्षित रखने का कष्ट करें तथा खसरा पंचशाला में प्रविष्टि अंकित करायें।

कलेक्टर
जिला छतरपुर (म0प्र0)

True Copy
KHAJURAHO MINERALS PVT. LTD.
DIRECTOR

Scanned by CamScanner